


## स्टीव स्मिथ ने एमसीजी पर भी झेली दर्शकों की हूटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कैलेंडर के सबसे बड़े दिन यानि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच। इस मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया का कोई भी क्रिकेटर दर्शकों की फब्तियों की उम्मीद नहीं करेगा लेकिन स्टीव स्मिथ को इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को गुरुवार को न्यू जीलैंड के खिलाफ मुकाबले में दर्शकों की फब्तियों का सामना करना पड़ा। पहले दिन नाबाद 77 रन बनाने वाले स्मिथ ने बाद में कहा, 'क्या ऐसा हुआ? मुझे पता नहीं है।' ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट गिरने के बाद स्मिथ जब 80 हजार से अधिक दर्शकों के सामने क्रीज पर उतरे तो कुछ दर्शकों ने तालियां बजाईं तो कुछ ने उनकी हूटिंग की। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह हूटिंग स्मिथ पर मार्च 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ के मामले में लगे एक साल के प्रतिबंध के कारण की गई। स्मिथ तब ऑस्ट्रेलिया के कप्तान थे। स्मिथ मार्च 2020 में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभालने के योग्य हो जाएंगे।

# एशिया इलेवन टीम का हिस्सा नहीं होंगे पाकिस्तान क्रिकेटर

क्रिकेट

### बीसीसीआई चीफ तय करेंगे कि भारत के कौन से 5 खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा बनेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। खराब राजनयिक रिश्तों के बीच भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को साथ खेलते देखने की संभावना फिलहाल नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साफ कर दिया है कि भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ी अगले साल एशिया इलेवन टीम में एक साथ नहीं खेलेंगे। मार्च 2020 में बांग्लादेश की मेजबानी में एशिया इलेवन और वर्ल्ड इलेवन के बीच 2 टी20 मैच खेले जाने हैं।

**पाक क्रिकेटर को नहीं बुलाएंगे**
बीसीसीआई के सचिव जयेश जॉर्ज ने कहा कि साफ संदेश है कि पाकिस्तान के किसी भी क्रिकेटर को एशिया इलेवन टीम का हिस्सा बनने के लिए बुलाया नहीं जाएगा। बीसीसीआई चीफ सौरभ गांगुली यह तय करेंगे कि भारत के कौन से 5 खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा बनेंगे।




**गांगुली करेंगे तय:** जॉर्ज ने कहा, हमें यह जानकारी है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी एशिया इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। यह मेसेज है, इसलिए कोई सवाल नहीं उठता कि दोनों देश साथ खेलें। सौरभ गांगुली तय करेंगे कि भारत के 5 खिलाड़ी एशिया ग्र का हिस्सा होंगे। हालांकि गांगुली ने पहले कहा था कि यह मुकाबला एशिया इलेवन बनाम वर्ल्ड इलेवन है और इसके लिए आईसीसी की ओर से स्वीकार्यता चाहिए होगी।

**अगले साल होंगे 2 टी20 मैच**
बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) बंगबंधु शेख मुजीब उर रहमान, बांग्लादेश के फाउंडर, की जन्मशताब्दी मना रहा है और इसी के चलते उसकी मेजबानी में अगले साल मार्च में दो टी20 मैच खेले जाएंगे। आईसीसी इन मैचों को आधिकारिक स्टेटस (इंटरनैशनल) देने को तैयार भी हो गया है। ये दोनों मैच 18 से 22 मार्च, 2020 के बीच खेले जाने हैं।

**विराट, धोनी बन सकते हैं हिस्सा**
पहले रिपोर्ट आई थी कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली, पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, पेसर जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को एशिया इलेवन टीम का हिस्सा बनने को कहा था। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा था, मौजूदा टीम में से बेस्ट खिलाड़ियों को शामिल करने के बारे में हम सोच रहे हैं, क्योंकि इन मैचों को इंटरनैशनल स्टेटस भी होगा, ऐसे में हर खिलाड़ी इसे गंभीरता से लेगा।

# चोटों ने नीरज और हिमा की रफ्तार थामी ऐथलेटिक्स में छाए डोपिंग सहित अन्य विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय ऐथलेटिक्स के दो बड़े सितारे –नीरज चोपड़ा और हिमा दास– चोटों के कारण सुर्खियों से दूर रहे जिससे वैश्विक पदक के मामले में साल 2019 देश के ऐथलेटिक्स के लिए सूखा रहा। इसमें डोपिंग के अलावा उम्र में हेरफेर के विवाद जारी रहे। निराशाओं के बीच हालांकि दुती चंद ने इतिहास रच दिया। वह 100 मीटर की स्पर्धा जीतकर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। देश ने मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले और पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा (अविनाश साबले) में 2020 ओलिंपिक खेलों में स्थान पक्का किया। वर्ष 2018 में नीरज चोपड़ा

**वैश्विक पदक के मामले में साल 2019 देश के ऐथलेटिक्स के लिए सूखा रहा**

विश्व स्तरीय भाला फेंक ऐथलीट बनकर सुर्खियों में रहे थे लेकिन 22 साल का खिलाड़ी पटियाला में ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हो गया जिसके लिए उन्हें इस साल मई में कोहनी की सर्जरी करानी पड़ी। इससे वह दोहा में एशियाई चैंपियनशिप के गोल्ड मेडल का बचाव करने नहीं उतर सके। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप भी नहीं खेल पाए।
जूनियर वर्ल्ड चैंपियन हिमा सत्र के शुरुआती हिस्से में ऐक्शन में रहीं लेकिन 2018 एशियाई खेलों के बाद उनकी पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट उन्हें परेशान करती रही। यूरोप में ट्रेनिंग करने के साथ वह सुर्खियों में आईं क्योंकि चेक गणराज्य और पोलैंड में औसत दर्जे के टूर्नमेंटों में उन्होंने लगातार 6 गोल्ड मेडल जीते जिससे मीडिया में हलचल मच गई।
असम की 'ढिंग एक्सप्रेस' ने हालांकि एशियाई चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया। इस 19 साल की खिलाड़ी को वर्ल्ड चैंपियनशिप में चुना गया लेकिन भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने अंतिम मिनट में उनका नाम हटा दिया। हमेशा की तरह डोपिंग विवाद इस बार भी जारी रहा जिसमें गोमती मरिमुथु से स्टेरॉयड का पॉजिटिव पाए जाने के बाद एशियाई चैंपियनशिप का पदक छीन लिया गया। एशियाई चैंपियनशिप के दौरान ब्रॉन्ज जीतने वाली संजीवनी जाधव को डोपिंग परीक्षण में विफल पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।

## राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग को बंगाल ड्रेसिंग रूम से निकाला गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग गांधी को बंगाल रणजी टीम के ड्रेसिंग रूम से बाहर जाने को कहा गया। बीसीसीआई की ऐंटी करप्शन यूनिट ने गुरुवार को ईडन गार्डंस मैदान पर गांधी को अनाधिकृत रूप से टीम के ड्रेसिंग रूम में आने पर बाहर जाने को कहा। कोलकाता के ईडन गार्डंस मैदान पर बंगाल पर आंध्र प्रदेश के बीच मैच खेला जा रहा है। इस रणजी ट्रॉफी मुकाबले में बीसीसीआई की ओर से ऐंटी–करप्शन यूनिट के अधिकारी का नाम सुमन करमाकर है। दरअसल, बंगाल टीम के कप्तान मनोज तिवारी समेत कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने प्रोटोकॉल तोड़े जाने पर ऐतराज जताया। इसके मुताबिक मैच के लिए चुने गए खिलाड़ियों और सपॉर्ट स्टाफ के अलावा कोई अन्य ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकता। तिवारी ने इस बारे में पत्रकारों को बताया, हमने ऐंटी–करप्शन प्रोटोकॉल का पालन किया है। एक राष्ट्रीय चयनकर्ता ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकता। सिर्फ खिलाड़ी और अधिकारी ही ड्रेसिंग रूम में प्रवेश कर सकते हैं। गांधी बंगाल की रणजी टीम के कप्तान रहे हैं। वह मैच में ईस्ट जोन की ओर से राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में मैदान पर मौजूद थे। हालांकि गांधी का कहना है कि उन्होंने कोई प्रोटोकॉल नहीं तोड़ा है।

## न्यूज डायरी



### जेम्स एंडरसन का 150वां टेस्ट मैच, ओवरऑल 9वें क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंचुरियन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन गुरुवार को अपना 150वां टेस्ट मैच खेलने उतरे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन मैदान पर वह इंग्लिश कैप में उतरे और उन्होंने खास उपलब्धि अपने नाम की। 22 मई 2003 को अपने टेस्ट करियर की शुरुआत करने वाले एंडरसन इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में ऐलिस्टर कुक (161) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। एंडरसन ने अपने टेस्ट करियर में अभी तक 576 विकेट लिए हैं। वह 150 टेस्ट मैच खेलने वाले ओवरऑल 9वें क्रिकेटर बने। सबसे ज्यादा टेस्ट मैच भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर (200) ने खेले हैं। उनके बाद रिकी पॉन्टिंग और स्टीव वॉ (168), जैक कालिस (166), शिवनारायण चंद्रपॉल और राहुल द्रविड़ (164), ऐलिस्टर कुक (161) और एलन बॉर्डर (156) का नंबर आता है।

### कोहली दशक के पांच सर्वश्रेष्ठ विजडन क्रिकेटरों में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लंदन। भारतीय कप्तान विराट कोहली को विजडन क्रिकेट अलमानैक ने चार अन्य के साथ दशक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सूची में शामिल किया है। कोहली के अलावा साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन और एबी डि विलियर्स, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और महिला क्रिकेट की दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पैरी इस सूची में शामिल हैं। कोहली ने पिछले दस साल में किसी भी अन्य बल्लेबाज की तुलना में 5,775 अधिक रन बनाए और वह इस दशक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। इस 31 वर्षीय बल्लेबाज को दशक की विजडन टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि वह एकदिवसीय टीम में भी शामिल हैं। विजडन ने लिखा है, 'वह प्रतिभाशाली है। इंग्लैंड के 2014 के दौरे के आखिर से लेकर बांग्लादेश के खिलाफ नवंबर में कोलकाता टेस्ट तक उन्होंने 63 की औसत से रन बनाए जिसमें 21 शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं।'

### ऑस्ट्रेलिया–न्यू जीलैंड टेस्ट मैच देखने पहुंचे रेकॉर्ड दर्शक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन यानी 'बॉक्सिंग डे' पर 80 हजार से अधिक दर्शक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर पहुंचे जो कि इन दोनों देशों के बीच रेकॉर्ड है। 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कैलेंडर का अहम हिस्सा है। इंग्लैंड के खिलाफ 2013 में एशेज मैच के पहले दिन कुल 91,112 दर्शक एमसीजी पहुंचे जो एक रेकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड के बीच चल रहे मैच के दौरान 80,473 दर्शकों ने स्टेडियम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह एशेज से इतर किसी मैच में दूसरी सबसे बड़ी दर्शक संख्या है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के बीच 1975 में बॉक्सिंग डे के दिन मैच देखने के लिए 85,661 दर्शक पहुंचे थे। न्यू जीलैंड 1987 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेल रहा है।

### मुंबई में होगी सौरभ और द्रविड़ की मुलाकात, इंजरी मैनेजमेंट पर हो सकती है बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने गुरुवार को नैशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अध्यक्ष राहुल द्रविड़ से बात करेंगे। गांगुली ने हाल ही में कहा था कि वह एनसीए में आ रहीं परेशानियों के बारे में द्रविड़ से बात करेंगे। गांगुली ने गुरुवार को द्रविड़ को मुंबई में बीसीसीआई के मुख्यालय में आमंत्रित किया है। वर्षों तक भारतीय टीम में साथ काम करने वाले सौरभ और द्रविड़ अब क्रिकेट प्रशासकों के रूप में जोड़ीदार की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। भुवी के मामले में एनसीए में कई जांच करवाने के बाद भी उनका स्पोर्ट्स हर्निया पकड़ में नहीं आया था। वहीं बुमराह के लिए एनसीए ने फिटनेस टेस्ट कराने से इनकार कर दिया था जो काफी चर्चा का विषय बना था। द्रविड़ के साथ बैठक साथ ही बोर्ड की कई सीएसी पर भी नजर रहेगी।